भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
एक नवरत्न कंपनी (भारत सरकार का उपक्रम)
(A Govt. of India Navratna Undertaking)
कॉनकॉर CONCOR
Regd. Office : CONCOR Bhawan, C-3, Mathura Road, Opp. Apollo Hospital, New Delhi-110076.

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

कॉनकॉर निम्नलिखित कार्य के लिए टेंडरिंग के दो पैकेट सिस्टम में ई–निविदा आमंत्रित करता है:

निविदा सं.	कॉन/ईपी/एमएमएलपी/काडाकोला/सिविल एंड इलेक्ट्रिकल वर्क्स/आर–1/2020
कार्य का नाम	काडाकोला, मैसूर, कर्नाटक में एमएमएलपी के विकास के लिए अर्थवर्क (कटिंग/फिलिंग), सीपी ब्लॉक पेवमेंट, पहुंच सड़क, कल्वर्ट, पथ ट्रैक कार्य, चारदीवारी, प्री-इंजीनियर्ड वेयरहाउस, प्रशा. भवन, कैंटीन का निर्माण एवं अन्य सम्बद्ध कार्य।
अनुमानित निविदा लागत	₹. 6506.54 लाख
पूर्णता अवधि	24 (चौबीस) माह
धरोहर जमा राशि	₹. 34,03,270/– (ई–भुगतान के माध्यम से)
निविदा दस्तावेज की कीमत (अ–प्रतिदेय)	₹. 1,000/– (सभी कर एवं प्रभार सहित ई–भुगतान के माध्यम से)
निविदा प्रक्रिया शुल्क (अ–प्रतिदेय)	₹. 5,310/– (सभी कर एवं प्रभार सहित ई–भुगतान के माध्यम से)
निविदा बिक्री की तिथि (ऑनलाइन)	14.02.2020 (11:00 बजे) से 06.03.2020 (17:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	07.03.2020 को 17:00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि एवं समय	11.03.2020 को 11:30 बजे

वित्तीय योग्यता मापदंड, समान प्रकार के कार्य के संबंध में अनुभव आदि के लिए कृपया वेबसाइट www.concorindia.com पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना को देखें लेकिन पूर्ण निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL से डाउनलोड किये जा सकते हैं। आगे इस निविदा का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल वेबसाइट www.concorindia.com, www.tenderwizard.com/CCIL एवं सेन्ट्रल प्रोक्योरमेंट पोर्टल (सीपीपी) पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचारपत्र प्रेस विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

समूह महाप्रबंधक (ईसी) फोन: 011-41222500

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन-L74899DL1999GOI101707
IRCTC
पंजीकृत कार्यालय: 11वां तल, बी–148, स्टेट्समैन हाउस, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001, भारत
फोन: 011–23311263–64, ई–मेल आईडी: investors@irctc.com; वेबसाइट: www.irctc.com

अंतरिम लाभांश के लिए रिकार्ड तिथि की सूचना

सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015, ("सूचीकरण विनियम") के विनियम 42 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल ने **बुधवार, 12 फरवरी, 2020** को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए बोर्ड द्वारा घोषित किए गए अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए शेयरधारकों की योग्यता के निर्धारण के प्रयोजन हेतु **मंगलवार, 25 फरवरी, 2020** को **"रिकार्ड तिथि"** के रूप में निर्धारित किया है। अंतरिम लाभांश निम्नलिखित को भुगतान किया जाएगा:

क) उन सदस्यों को जिनके नाम **मंगलवार, 25 फरवरी, 2020** को व्यवसाय घंटों की समाप्ति पर कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज होंगे और

ख) इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में धारित शेयरों के संबंध में उन सदस्यों को जिनके नाम **मंगलवार, 25 फरवरी, 2020** को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) एवं सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रस्तुत किये गये लाभार्थी स्वामियों के विवरण में शामिल होंगे।

ग) कथित सूचना एवं अन्य जानकारी कम्पनी की वेबसाइट **www.irctc.com** से प्राप्त की जा सकती है और इसे स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** से भी प्राप्त किया जा सकता है।

घ) डिमेटिरियलाइज्ड शेयरों के मामले में अंतरण के लिए अनुरोध, पता बदलने के लिए पत्राचार, बैंक विवरण एवं ईसीएस विवरण शेयरधारकों के संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास भेजे जाने चाहिए। भौतिक प्रारूप में धारित शेयरों के संबंध में उपरोक्त विवरण कम्पनी के रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए:

अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, यूनिट: आईआरसीटीसी लिमिटेड

205–208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055

इलेक्ट्रॉनिक पद्धति में कम्पनी के इक्विटी शेयर धारण करने वाले सदस्यगण जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक पद्धति के माध्यम से दस्तावेज भेजने में हमें सक्षम बनाने के लिए अपनी ई–मेल आईडी को अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के पास पंजीकृत कराएं।

सदस्यगण जिन्होंने अपना ई–मेल आईडी पंजीकृत करा रखा है, वह इसे अपने डीपी के पास वैध रखें। भौतिक प्रारूप में इक्विटी शेयर धारण करने वाले सदस्यगण जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, वह भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक पद्धति के माध्यम से दस्तावेज भेजने में सक्षम बनाने के लिए अपना ई–मेल पता कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट मैसर्स अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड के पास पंजीकृत करा लें।

कृते इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
हस्ता./–
सुमन कालरा
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 12 फरवरी, 2020

तेल गैस क्षेत्र विवाद में सरकार के खिलाफ शेल, रिलायंस को मिली जीत

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

शेल और उसकी भागीदार रिलायंस इंडस्ट्रीज को ब्रिटेन के हाई कोर्ट में बड़ी जीत हासिल हुई है। भारत के पश्चिमी अपतटीय इलाके में स्थित पन्ना– मुक्ता और ताप्ती तेल व गैस क्षेत्र में कुछ लागत की वसूली के सरकार के दावे के खिलाफ ब्रिटेन की हाई कोर्ट में चले इस मुकदमे में भारत सरकार के वसूली के दावे को खारिज कर दिया गया।

सरकार ने इस मामले में रिलायंस और शेल के स्वामित्व वाले बीजी एक्सप्लोरेशन एंड प्राडक्शन इंडिया लिमिटेड से 3.5 अरब डालर के बकाए का भुगतान करने की मांग की थी। सरकार ने यह भुगतान अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के अक्तूबर 2016 के आंशिक निर्णय के आधार पर मांगा था। न्यायाधिकरण ने पन्ना– मुक्ता और ताप्ती क्षेत्र से निकली तेल और गैस की बिक्री से इस लागत की वसूली का आदेश दिया था। इसके बाद दोनों कंपनियां 2016 के आंशिक फैसले को लेकर ब्रिटेन की उच्च अदालत में मामले को लेकर पहुंची।

इस समूचे घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने इससे पहले न्यायाधिकरण को कुछ मुद्दों पर फिर से विचार करने का निर्देश दिया था। इसके बाद 2018 में न्यायाधिकरण ने एक अन्य फैसला दिया जिसमें दोनों कंपनियों की लागत वसूली को सही ठहराया गया। न्यायाधिकरण के इस फैसले को सरकार ने चुनौती दी। ब्रिटेन के हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोबिन नोवेल्स ने 12 फरवरी को दिए अपने फैसले में 2018 के फैसले को लेकर भारत सरकार की सभी पांच चुनातियों को खारिज कर दिया।

एक समूह सरकारी कंपनियों के खिलाफ बना रहा माहौल : आरके सिंह

रायपुर, 13 फरवरी (भाषा)।

केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह ने गुरुवार को इस बात पर आश्चर्य जाहिर किया कि देश की आर्थिक वृद्धि का आधार रखने वाली सरकारी कंपनियों के खिलाफ देश में माहौल क्यों बनाया जाता है।

उन्होंने यहां एनटीपीसी के जरिए आयोजित 'भारतीय विद्युत स्टेशन 2020' सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि एनटीपीसी हमारे देश में विद्युत प्रणाली के मुख्य आधार स्तंभों में से एक है।

उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के कारण देश के किसी भी भाग में हमेशा बिजली की उपलब्धता और इनकी दरें अकारण नहीं बढ़ना सुनिश्चित कर सकते हैं।

मंत्री ने कहा कि बाजार अपने–आप में एक अच्छा नियामक है, लेकिन इससे भारी मुनाफाखोरी भी हो सकती है। मजबूत सरकारी कंपनी की उपस्थिति से बाजार की प्रणाली में संतुलन बना रहता है।

मुद्रास्फीति, औद्योगिक आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजार निराश, सूचकांक 106 अंक गिरा

मुंबई,13 फरवरी (भाषा)।

खुदरा मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के ताजा आंकड़ों के निराशाजनक रहने और चीन में कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में तेज वृद्धि के कारण गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सूचकांक 106.11 अंक यानी 0.26 फीसद गिरकर 41,459.79 अंक पर आ गया। सूचकांक में 41,709.30 अंक के उच्चतम स्तर और 41,338.31 अंक के निचले स्तर के बीच उतार–चढ़ाव रहा।

इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 26.55 अंक यानी 0.22 फीसद गिरकर 12,174.65 अंक पर आ गया। जांच के नए तरीके में चीन में कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ने के कारण वैश्विक बाजारों में धारणा खराब रही।

सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर माह में औद्योगिक उत्पादन में 0.3 फीसद की गिरावट आई। खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में 68 महीनों के उच्च स्तर 7.59 फीसद पर पहुंच गई। खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ने से रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती किए जाने की उम्मीद धूमिल होने से ब्याज दर को लेकर संवेदनशील कंपनियों में गिरावट देखने को मिली।

सूचकांक की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, ओएनजीसी, आइसीआइसीआइ बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी में सर्वाधिक गिरावट देखने को मिली। भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, इंफोसिस, सन फार्मा और टेक महिंद्रा में 2.37 फीसद तक की तेजी रही। सूचकांक की 30 में से 16 कंपनियों में गिरावट रही। बीएसई के समूहों में बैंक, वित्त और यूटिलिटीज में गिरावट रही जबकि टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी में तेजी रही। बीएसई के स्मॉलकैप और मिडकैप ने मुख्य सूचकांक से बेहतर प्रदर्शन किया।

जियोजीत फाइनेंशियल सिंर्वसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा– कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ने तथा जनवरी में मुद्रास्फीति में तेजी आने के कारण बाजार पर दबाव रहा। निवेशक अन्य संकेतों पर निगाहें जमाये हुए हैं। खुदरा मुद्रास्फीति के 7.59 फीसद पर पहुंच जाने से इस बात के संकेत मिलते हैं कि रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती पर लंबे समय तक की रोक लग सकती है। चीन में कोरोनावायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ने से एशियाई बाजार गिरावट में बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी कारोबार के दौरान गिरावट में चल रहे थे।

इस बीच अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजंसी ने कहा है कि कोरोनावायरस के संक्रमण के कारण दशक में पहली बार किसी तिमाही में वैश्विक कच्चा तेल मांग में गिरावट आने वाली है। इस खबर के बाद ब्रेंट क्रूड का वायदा करीब दो फीसद गिरकर 55.25 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

निर्यात बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धा के लिहाज से बेहतर 12–13 क्षेत्रों पर ध्यान दे रही सरकार : गोयल

नई दिल्ली,13 फरवरी (भाषा)।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए कपड़ा जैसे प्रतिस्पर्धा के लिहाज से बेहतर स्थिति वाले 12– 13 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्यात कारोबार तभी बढ़ता है जब विभिन्न क्षेत्रों में तुलनात्मक और प्रतिस्पर्धा दोनों के लिहाज से अग्रणी स्थिति होती है।

गोयल ने कहा– हम अब 12 से 13 ऐसे क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं जहां हमारा मानना है कि भारत प्रतिस्पर्धा के लिहाज से बेहतर स्थिति में है और अधिक निर्यात कर सकता है। गोयल ने मानव निर्मित कपड़े का उदाहरण देते हुये कहा कि सरकार इस क्षेत्र पर कई सालों से ध्यान देती आ रही है। भारत ने हमेशा ही सूती कपड़ों पर ज्यादा ध्यान दिया है। इस दौरान दुनिया ने भी मानव निर्मित कपड़ों की तरफ ज्यादा लगाव दिखाया है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने कपड़ा क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से कहा है कि उनके पास अगले दस साल के दौरान मौजूदा 37 अरब डालर से बढ़कर 100 अरब डालर तक का निर्यात करने की संभावना है। उन्होंने कहा– यही वजह है कि हम कुछ क्षेत्रों पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुये काम कर हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र का निर्यात अच्छी वृद्धि दर के साथ बढ़ रहा है। दिसंबर माह में भारत का निर्यात कारोबार 1.8 फीसद घटकर 27.36 अरब डालर पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां महीना रहा जब निर्यात में पिछले साल के मुकाबले गिरावट आई है। इस दौरान प्लास्टिक, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा उत्पादों और रसायन कारोबार में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

ब्रिटिश अदालत में माल्या की अपील पर सुनवाई का आखिरी दिन

लंदन, 13 फरवरी (भाषा)।

शराब कारोबारी विजय माल्या भारत प्रत्यर्पित करने के खिलाफ अपनी अपील पर सुनवाई के अंतिम दिन गुरुवार को यहां रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस पहुंच गया। इस दौरान अभियोजन किंगफिशर एअरलाइन के पूर्व प्रमुख के खिलाफ 'बेईमानी के काफी सबूत' होने की बात स्थापित करने संबंधी अपनी दलीलों को पूरा करेगा।

माल्या (64) भारत में 9000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में वांछित हैं। उसने बैंकों से लिया गया कर्ज नहीं चुकाया था। उसने अदालत में प्रवेश करते हुए कहा कि उसे अच्छा महसूस हो रहा है। भारत सरकार की से पेश हो रही राजशाही अभियोजन सेवा (सीपीए) माल्या के वकील के उस दावे का खंडन करने के लिए सबूतों को हाई कोर्ट लेकर गई है, जिसमें कहा गया था कि मुख्य मजिस्ट्रेट एम्मा अर्बुथनॉट ने यह गलत पाया कि माल्या के खिलाफ भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। सीपीएस के वकील मार्क समर्स ने गुरुवार को बहस शुरू करते हुए कहा, 'उन्होंने (किंगफिशर एअरलाइन ने बैंकों को) लाभ की जानबूझकर गलत जानकारी दी थी।' लार्ड जस्टिस स्टेफन ईरविन और जस्टिस इलिसाबेथ लाइंग ने कहा कि वे बहुत जटिल मामले पर विचार करने के बाद किसी और तारीख को फैसला देंगे।' दो न्यायाधीशों की यह पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

माल्या प्रत्यर्पण वारंट को लेकर जमानत पर है। उसके लिए यह जरूरी नहीं है कि वह सुनवाई में हिस्सा ले, लेकिन वह अदालत आया। वह मंगलवार से ही सुनवाई में हिस्सा लेने के लिए आ रहा, जब अपील पर सुनवाई शुरू हुई थी। बचाव पक्ष ने इसको खारिज किया कि माल्या पर धोखाधड़ी और धनशोधन का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। बचाव पक्ष का जोर इस बात पर रहा कि किंगफिशर एअरलाइन आर्थिक दुर्भाग्य का शिकार हुई है, जैसे अन्य भारतीय एअरलाइनें हुई हैं।

समर्स ने दलील दी कि 32000 पन्नों में प्रत्यर्पण के दायित्वों को पूरा करने के लिए सबूत हैं। उन्होंने कहा कि न केवल प्रथम दृष्टया मामला बनता है, बल्कि बेईमानी के अत्यधिक सबूत हैं। जिला न्यायाधीश (अर्बुथनॉट) विस्तार से सबूत रखे गए थे और फैसला भी व्यापक और विस्तृत है जिसमें गलतियां है, लेकिन इसमें प्रथम दृष्टया मामले पर कोई असर नहीं पड़ता है। अपील पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआइ और लंदन में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मौजूद रहे।

फेसबुक पर 27.5 करोड़ फर्जी खाते होने का अनुमान

हैदराबाद, 13 फरवरी (भाषा)।

सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर करीब 27.5 करोड़ खाते फर्जी या फिर एक ही व्यक्ति के दोहरे खाते हो सकते हैं। फेसबुक ने 31 दिसंबर 2019 तक के लिए अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया कि 31 दिसंबर 2019 तक हमारे मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 2.50 अरब थी। 31 दिसंबर 2018 की तुलना में यह आठ फीसद अधिक है। भारत, इंडोनेशिया और फिलीपीन के उपयोगकर्ताओं का 2019 में वृद्धि में अहम योगदान रहा।

फेसबुक ने रिपोर्ट में कहा, 2019 की चौथी तिमाही में हमारा अनुमान है कि नकली अथवा दोहरे (डुप्लीकेट) खातों का अनुपात हमारे मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं का लगभग 11 फीसद है। हमारा मानना है कि अधिक विकसित बाजारों की तुलना में इंडोनेशिया और फिलीपींस जैसे विकासशील बाजारों में इस तरह के नकली खातों की संख्या अधिक है। फेसबुक के मुताबिक, डुप्लीकेट (नकली) खाते वे खाते हैं जो कोई उपयोगकर्ता अपने मुख्य खाते के अतिरिक्त रखता है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि नकली या फर्जी खातों की संख्या का अनुमान नमूने की आंतरिक समीक्षा पर आधारित है।

वक्त बताएगा कि हाफिज को जेल भेजना कितना कारगर

पाक अदालत के फैसले के बाद विदेश मंत्रालय का बयान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 फरवरी।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि लश्कर ए तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को जेल भेजने का पाकिस्तानी अदालत का आदेश कितना प्रभावी साबित होता है, यह वक्त ही बताएगा। क्योंकि यह फैसला पाकिस्तान की धरती पर सक्रिय आतंकी नेटवर्क के खिलाफ इस्लामाबाद की कार्रवाई की वैश्विक निगरानी संस्था (एफएटीएफ) द्वारा समीक्षा किए जाने के महज कुछ दिन पहले आया है।

विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि हो सकता है कि यह कदम एफएटीएफ की संभावित कार्रवाई से बचने के लिए पाकिस्तान ने उठाया हो। इसलिए अदालती फैसले पर अमल का हमें इंतजार करना होगा। पाकिस्तान की एक अदालत ने 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले के मास्टर माइंड हाफिज सईद को आतंक के वित्तपोषण के दो मामलों में बुधवार को साढ़े–पांच, साढ़े पांच साल जेल की सजा सुनाई।

अदालत का यह फैसला वैश्विक आतंक निरोधी निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की पेरिस में होने वाली बैठक से महज चार दिन पहले आया है। बैठक का उद्देश्य यह देखना है कि देश में आतंकी समूहों पर लगाम लगाने के लिए तय कार्ययोजना का पाकिस्तान ने कितना पालन किया है। पिछले वर्ष एफएटीएफ ने पाकिस्तान से कहा था कि फरवरी 2020 तक वह अपनी आतंक निरोधी योजना को पूर्ण रूप से लागू करे अथवा कड़ी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहे।

आतंक के वित्तपोषण पर रोक लगाने में नाकाम रहे पाकिस्तान को एफएटीएफ ने देशों की 'ग्रे सूची' में पहले से डाल रखा है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि आतंक को समर्थन खत्म करना पाकिस्तान के लंबित अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का हिस्सा है और अब यह देखना होगा कि हाफिज सईद को दी गई सजा कितनी प्रभावी साबित होती है। पाकिस्तान में आए फैसले पर भारत सरकार के आकलन के बारे में एक आधिकारी ने बताया, 'ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह फैसला एफएटीएफ की बैठक से ठीक पहले आया है।

UFLEX यूफ्लेक्स लिमिटेड
'A part of your daily life'
CIN : L74899DL1988PLC032166
रजिस्टर्ड ऑफिस : 305, तीसरी मंजिल, भानोट कॉर्नर, पाम्पोष एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048
फोन : +91-11-26440917, 26440925, फैक्स : +91-11-26216922, वेबसाइट : www.uflexltd.com, ईमेल : secretarial@uflexltd.com

31.12.2019 को समाप्त तिमाही एवं 9 माह के दौरान अनंकेक्षित समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम (₹ लाखों में)

क्र0 सं0	विवरण	समेकित 31.12.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित)	30.09.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित)	31.12.2018 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित)	31.12.2019 को समाप्त 9 माह (अनंकेक्षित)	31.12.2018 को समाप्त 9 माह (अनंकेक्षित)	31.03.2019 को वर्ष समाप्त (अंकेक्षित)
1.	कुल आय	180133	187532	198109	565862	591420	797480
2.	अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि)	11881	12331	7395	35980	29903	40875
3.	अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि)	8481	9426	5434	26998	24480	31521
4.	अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) गैर–नियंत्रित ब्याज के पश्चात	8457	9399	5398	26924	24376	31383
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय	14643	10175	(4966)	34627	29875	34213
	कुल मिलाकर अवधि के लिए व्यापक आय						
	ओनर आफ दी होल्डिंग कंपनी	14619	10148	(5002)	34553	29771	34075
	नॉन– कंट्रोलिंग इंट्रेस्ट	24	27	36	74	104	138
6.	समतुल्य अंश पूंजी	7221	7221	7221	7221	7221	7221
7.	अन्य इक्विटी, जो गैर अनियंत्रित ब्याज को छोड़कर पिछले वर्ष के बैलेंस शीट पर दिखाए गई हैं	422584	422584	390250	422584	390250	422584
8.	(ईपीएस) (₹ में) वार्षिक नहीं है						
	मूलभूत	11.71	13.02	7.48	37.29	33.76	43.46
	द्रव्य	11.71	13.02	7.48	37.29	33.76	43.46

(₹ लाखों में)

क्र0 सं0	विवरण	स्टैंडअलोन 31.12.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित)	30.09.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित)	31.12.2018 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित)	31.12.2019 को समाप्त 9 माह (अनंकेक्षित)	31.12.2018 को समाप्त 9 माह (अनंकेक्षित)	31.03.2019 को वर्ष समाप्त (अंकेक्षित)
1.	कुल आय	110314	102952	104823	318773	318513	424252
2.	कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि)	9802	1996	567	14073	5071	7270
3.	अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि)	8721	1485	377	11605	3739	5166
4.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय	8725	1422	398	11434	3485	4441
5.	(ईपीएस) (₹ में) वार्षिक नहीं है						
	मूलभूत	12.08	2.06	0.52	16.07	5.18	7.15
	द्रव्य	12.08	2.06	0.52	16.07	5.18	7.15

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए 31 दिसम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं 9 माह के समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तिय विवरण के विस्तृत प्रारूप का सारकित अंश है। 31 दिसम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं 9 माह के स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तिय विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.nseindia.com, www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट (www.uflexltd.com) पर उपलब्ध है।

कृते यूफ्लेक्स लिमिटेड
हस्ता/-
(अशोक चतुर्वेदी)
चेयरमैन एवं प्रबंधक निदेशक
DIN - 00023452

स्थान : नोएडा
दिनांक: 13.02.2020

VIKAS ECOTECH LIMITED
CIN: L65999DL1984PLC019465
Regd. Office: VIKAS HOUSE, 34/1, EAST PUNJABI BAGH, NEW DELHI-110026
Ph.: 011-43144444 | Fax No. : 011-43144488 | E-mail: cs@vikasecotech.com

EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE) FOR THE QUARTER ENDED DECEMBER, 31 2019

Rs. In Lakhs

Particulars	Three Months Ended 31st December, 2019 (Un audited)	Three Months Ended 30st September, 2019 (Un audited)	Nine Months Ended 31st December, 2019 (Un audited)	Year Ended 31st March 2019 (Audited)
Total income from operations (net)	5173.35	5096.81	15583.49	24525.04
Net profit before Exceptional items and tax	11.49	194.52	427.49	2304.18
Net Profit / (Loss) before tax	11.49	1031.82	1264.79	2304.18
Net profit after tax	(156.46)	780.86	781.38	1622.47
Total Comprehensive Income for the period	(157.26)	784.49	789.09	1641.11
Equity Share Capital (Rs.)	27,98,99,675	27,98,99,675	27,98,99,675	27,98,99,675
Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) -				
1. Basic:	(0.06)	0.28	0.28	0.59
2. Diluted:	(0.06)	0.28	0.28	0.59

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of Quarterly and yearly ended Financial Result are available on the website of the Stock Exchange (www.bseindia.com).
2. The above results were reviewed by the Audit Committee and were approved by the Board of Directors at their meeting held on 13.02.2020. The Audit has been conducted by Statutory Auditors of the Company and they have issued Limited Review Report.

By order of the Board of Directors
For Vikas Ecotech Limited
Sd/-
Vikas Garg
Managing Director

Place: New Delhi
Date: 13.02.2020

बस और ट्रक की टक्कर में 14 लोगों की मौत

इटावा/फिरोजाबाद 13 फरवरी (जनसत्ता/ भाषा)।

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर यात्रियों से भरी एक बस और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में कम से कम 14 लोगों की मौत व 28 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

बुधवार की रात साढ़े दस बजे दिल्ली से बिहार के मुजफ्फरपुर जा रही स्लीपर कोच बस नगला खंगर के पास खड़े ट्राला में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि बस में फंसे लोगों को निकालने के लिए बस के हिस्से को गैस कटर से काटना पड़ा। बस में पांच दर्जन से ज्यादा लोग सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में घायल लोगों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले बिहार के लोगों के आश्रितों को दो–दो लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के परिजनों को पचास–पचास हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। साथ ही नई दिल्ली स्थित बिहार भवन के संयुक्त श्रमायुक्त को हादसे में घायल लोगों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था करने के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बस में सवार सभी लोग बिहार के थे। इस हादसे में जान गंवाने वालों में 12 की पहचान हो गई है जबकि दो लोगों की पहचान की कोशिशें जारी हैं। फिरोजाबाद बस हादसे में मुकेश कुमार (26) निवासी बच्चाईनी मलाई इब्राहिमपुर पटना बिहार, विनोद कुमार (25) तमुकुटी बिहार, कलुमुद्दीन (45) केनारा चंपारण बिहार, भगवान चौबे (54) चंपारण बिहार, हरेंद्र पासवान (44) कतला चिल्ला पूर्वी दिल्ली, चंदन महतो (24) मेमोरा औली पोस्ट बढ़का बलुआ चंपारण बिहार, नागेश्वर साह (42), गुलशन कुमार (21), अनिल शाह (50), राकेश कुमार (36), रघुवंश यादव (30) और ट्रक चालक भूरा (45) निधानिया रामपुर थाना शहजाद की पहचान हो गई।

वित्त आयोग ने रक्षा, आंतरिक सुरक्षा को लेकर बनाया समूह

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

पंद्रहवें वित्त आयोग ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के वित्तपोषण के लिए अलग व्यवस्था की जरूरत की पड़ताल करने के लिए एक समूह का गठन किया। इस पांच सदस्यीय समूह की अगुआई 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह करेंगे। इसमें 15वें वित्त आयोग के सदस्य एएन झा भी शामिल हैं। इनके अलावा समूह में गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के सचिव भी शामिल होंगे।

आयोग ने एक बयान में कहा कि रक्षा और आंतरिक सुरक्षा पर गठित यह समूह इस मुद्दे की पड़ताल करेगा कि क्या रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के वित्तपोषण के लिए एक अलग तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए, और यदि ऐसा है तो इस तरह के तंत्र का संचालन कैसे किया जा सकता है। पंद्रहवें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद की छठी बैठक गुरुवार को यहां हुई। बैठक की अध्यक्षता एनके सिंह ने की तथा आयोग के सदस्य, सलाहकार परिषद के सदस्य, अन्य विशेष रूप से आमंत्रित व्यक्ति और जाने–माने विद्वान इसमें शामिल हुए।

इस बैठक में 2020–21 के लिए आयोग की रिपोर्ट पर प्रतिभागियों के विचारों और रिपोर्ट में शामिल अन्य सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय करों को साझा करने के तरीके पर चर्चा हुई। इसके अलावा 2021–22 से 2025–26 के दौरान कराधान में होने वाले उतार–चढ़ाव तथा अन्य वृहद–आर्थिक मानदंडों पर भी चर्चा हुई।

www.readwhere.com